2025/878

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास– मृदुला शेखावत, आर.ए.एस.

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
आयशा राठौड		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :– 592/2025

–::आदेश::– **दिनांक:–**

प्रार्थी **आयशा राठौड पुत्री विक्रम सिंह** जाति **राजपूत** निवासी **उदलियावास** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरुस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **उदलियावास** की जमाबंदी संवत् 2073 से 2076 के खाता सं. 365 के खसरा नंबर 665 में दर्ज अशुद्ध नाम **नाबालिग आयशा राठौड पुत्री विक्रमसिंह** जाति **राजपूत** निवासी **उदलियावास** का शुद्ध विवरण **आयशा राठौड पुत्री विक्रमसिंह** जाति **राजपूत** निवासी **उदलियावास** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा